# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 5714/02/2022/चयन इन्दौर दिनांक 21 JUL 2023

## //विज्ञप्ति//

## राज्य सेवा परीक्षा 2019 के पद हेतु साक्षात्कार की उम्मीद्वारी निरस्त किए जाने संबंधी सूचना ।

आयोग के विज्ञापन क्र. 03/2019 दिनांक 14.11.2019 एवं शुद्धिपत्रादि के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभाग हेतु राज्य सेवा परीक्षा 2019 के कुल 571 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया, उक्त पदों के ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि 12.12.2019 निर्धारित थी ।

2/ आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2019 में मुख्य परीक्षा के घोषित परिणाम दिनांक 18.05.2023 को (मुख्य भाग में कुल अर्ह आवेदक 1460 एवं प्रावधिक भाग में कुल 523 आवेदकों को) साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह घोषित किया गया है, जिसमें आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख भेजने की अंतिम तिथि **05.06.2023** निर्धारित थी ।

03/ राज्य सेवा परीक्षा 2019 के परीक्षा परिणाम दिनांक 18.05.2023 में बिन्दु क्रमांक 06 में उल्लेख किया गया है कि :–

"उपरोक्तानुसार परिशिष्ट प्रपत्र–1 अनुसार क्रम में प्रमाण पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्नक पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर दिनांक 05.06.2023 तक आयोग कार्यालय प्रेषित करें । डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के दस्तावेज आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नही होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा । अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने दस्तावेज आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें । जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीद्वारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों को आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जॉच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी ।

04/ आयोग द्वारा उपरोक्त पदों के अभिलेख प्राप्ति की अंतिम तिथि **05.06.2023** निर्धारित की गई थी किंतु **मुख्य भाग के निम्नलिखित 11 आवेदको के** अभिलेख आयोग कार्यालय में आज दिनांक तक प्राप्त नही हुए है । अतः विज्ञापन में विज्ञापित कंडिका अनुसार निम्नलिखित 11 आवेदक की उपरोक्त पद की उम्मीदवारी आदेशानुसार निरस्त की जाती है :–

| S.No. | Mains Roll No. | Full Name | Gender | Categary | PH |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 108219 | LEKHRAJ SHARMA | Male | UR | Yes |
| 2 | 109143 | NEELAM SINGH | Female | UR | Yes |
| 3 | 103817 | JITENDRA VERMA | Male | ST | No |
| 4 | 104379 | PRAKASH CHOUHAN | Male | ST | No |
| 5 | 106341 | VIJAY MANDLOI | Male | ST | No |
| 6 | 100411 | ABHISHEK AHIRWAR | Male | SC | No |
| 7 | 102263 | PALLAVI VERMA | Female | OBC | No |
| 8 | 103028 | ZEBA KHAN | Female | OBC | No |
| 9 | 106583 | PUSHPLATA SAHU | Female | OBC | No |
| 10 | 109315 | SHAILESH KUMAR THAKUR | Male | OBC | No |
| 11 | 103388 | REKHA JAIN | Female | EWS | No |

05/ आयोग द्वारा उपरोक्त पदों के अभिलेख प्राप्ति की अंतिम तिथि **05.06.2023** निर्धारित की गई थी किंतु **प्रावधिक भाग के निम्नलिखित 09 आवेदको** के अभिलेख आयोग कार्यालय में आज दिनांक तक प्राप्त नही हुए है अतः विज्ञापन में विज्ञापित कंडिका अनुसार निम्नलिखित 09 आवेदक की उपरोक्त पद की उम्मीदवारी आदेशानुसार निरस्त की जाती है :–

| S.No. | Mains Roll No. | Full Name | Gender | Categary |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 100731 | PRAKALP CHATURVEDI | Male | UR |
| 2 | 104362 | ROHAN JAIN | Male | UR |
| 3 | 105029 | RAHUL SHARMA | Male | UR |
| 4 | 106131 | NITIN KUMAR WAGMODE | Male | UR |
| 5 | 109107 | HRADESH SHARMA | Male | UR |
| 6 | 103155 | RUPALI PATEL | Female | OBC |
| 7 | 104205 | PRIYANKA VISHWAKARMA | Female | OBC |
| 8 | 104922 | PRIYANKA BRAHME | Female | OBC |
| 9 | 107938 | DEEKSHA PATEL | Female | OBC |

06/ राज्य सेवा परीक्षा 2019 पद हेतु उम्मीद्वारी निरस्त किए गए आवेदकों को निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदकों की उम्मीदवारी आयोग द्वारा निर्धारित तिथि तक अभिलेख आयोग को उपलब्ध नही कराए जाने से निरस्त की गई है उक्त आवेदक अपने आपत्ति अभ्यावेदन के साथ अभिलेख आयोग को प्रेषित नही करें । उक्त संबंध में आवेदक आपत्ति अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते है तो विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 10 दिवस की अवधि में आवेदक द्वारा आपत्ति अभ्यावेदन के साथ स्पीड पोस्ट/रसीद की छायाप्रति संलग्न कर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं । निर्धारित तिथि के पश्चात् उक्त आवेदको से प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन, आयोग द्वारा बिना विचार किए नस्तीबद्ध किए जाएंगे । साथ ही डाक विभाग या अन्य किसी कारण से आपत्ति अभ्यावेदन, आयोग को देरी से प्राप्त होने पर आयोग की कोई जिम्मेदारी नही होगी ।

प्रभारी अवर सचिव
(चयन)